रोहतक
मंगलवार, 26 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 27, अंक : 334
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

आमंत्रण मूल्य ₹ 3.00/-

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 22.3
न्यून. 7.3



08 भारतीय महिला वनडे टीम के नए चेहरे ऑस्ट्रेलिया को देंगे चुनौती




# कोहरे का कहर, 32 शहरों में ऑरेंज अलर्ट, रेवाड़ी व जींद में 2 की मौत

## कई जिलों में वाहन टकराए, 12 से अधिक घायल, वाहन क्षतिग्रस्त

### दिन का पारा 1.1 डिग्री तक चढ़ा, रात में ठिठुरन बढ़ी सोमवार को महेंद्रगढ़ सबसे ठंडा रहा

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

पहाड़ों पर हो रही भारी बर्फबारी ने मैदानी भागों में गलन बढ़ा दी है। वहीं, प्रदेश में सोमवार को घना कोहरा छाया रहा। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को सुबह के समय लाइटें जलाकर चलना पड़ा। कई जिलों में सड़क हादसों की भी सूचना है। रेवाड़ी में एक ट्रॉला दुकान में घुस गया इस हादसे में दुकानदार की मौत हो गई, जबकि ट्राला चालके के दोनों पैर कट गए। वहीं, जींद में हुए दो सड़क हादसे हुए हैं। इनमें एक बाइक सवार की मौत हो गई और दूसरे हादसे में बस ने ट्राले को टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में सवार 12 सवारियों को चोटें आई हैं। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच 32 शहर घने कोहरे की चपेट में आ गए। इसको देखते हुए सीजन में पहली बार मौसम विभाग ने ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही वाहन चालकों को सलाह दी है कि वह दिन और शाम को अपने अपने वाहनों की फॉग लाइट जलाकर ही चलें।

### कई स्थानों पर दृश्यता 10 से 20 मीटर तक



गुरुग्राम में सुबह छाई रही धुंध



### रेवाड़ी-जींद में भीषण हादसे

**रेवाड़ी:** पाल्हावास बस स्टैंड पर सोमवार सुबह एक ट्रॉला दुकान में घुस गया, जिससे दुकानदार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ट्रॉला चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक के दोनों पैर हादसे में कट गए।

**जींद:** जींद में कोहरे के चलते दो सड़क हादसे हुए हैं। पहले में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में रोडवेज बस में सवार यात्रियों को चोट आई हैं।

### पारामीटर

| शहर | पारा | शहर | पारा | शहर | पारा |
|---|---|---|---|---|---|
| महेंद्रगढ़ | 5.4 | पानीपत | 7.0 | सोनीपत | 7.9 |
| बालसमंद | 5.6 | पंचकूला | 7.1 | भिवानी | 8.0 |
| बावल | 5.6 | हिसार | 7.3 | अंबाला | 9.0 |
| नारनौल | 6.4 | चंडीगढ़ | 7.8 | सिरसा | 9.2 |
| यमुनानगर | 7.0 | करनाल | 7.8 | गुरुग्राम | 9.9 |
| | | रोहतक | 7.8 | कुरुक्षेत्र | 10.3 |

*पारा न्यू.डिग्री सेल्सियस में*

### तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में ठंड का दौर जारी है। इस बदलाव से दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी और रात के तापमान में गिरावट आएगी। दिन के तापमान में 1.1 डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सुबह और शाम ओस गिरने का सिलसिला जारी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अगर सर्दी के साथ कोहरा भी बढ़ता है तो यह सरसों की फसल के लिए नुकसानदायक हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में फसल में कीट लगने की संभावना बनी रहती है, इसलिए किसानों को देखरेख की ज्यादा जरूरत है। ठंड के इस मौसम में बुजुर्ग और बच्चे सावधानी बरतें। गर्म कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकलें।

### पहाड़ों पर भारी बर्फबारी के कारण मैदानी भागों में गलन बढ़ी

#### आज बारिश के आसार

27 व 31 दिसंबर को एक के बाद एक दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में एक बार फिर से मौसम में बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। कई जिलों में 26 दिसंबर से बारिश के आसार बन रहे हैं। -डा. चन्द्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ, नारनौल

#### इन जिलों में अलर्ट

**ऑरेंज:** कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार में 27 दिसंबर तक धुंध का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**येलो:** सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र में 28 दिसंबर तक कोहरे को लेकर येलो अलर्ट है।

#### इन फसलों को लाभ

किसानों का कहना है कि इस तरह का मौसम खेती-किसानी के लिए फायदेमंद होता है। खासकर चना, गेहूं, मटर, आलू, टमाटर आदि की फसल को इस सर्दी से फायदा होगा।

## खबर संक्षेप

### वायुसेना के पूर्व स्क्वाड्रन लीडर दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने वायुसेना के एक पूर्व स्क्वाड्रन लीडर को एक जमीन के सौदे के लिए कांग्रेस के पूर्व सांसद की तरफ से कथित तौर पर धन हस्तांतरित करने और 40.36 लाख रुपये की आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति जुटाने का दोषी करार दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भाषा

### पंजाब में किया हिरण का शिकार, तीन पर केस

**होशियारपुर।** पंजाब में गढ़शंकर के वन क्षेत्र में स्थित हाजीपुर गांव में एक हिरण का शिकार करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गढ़शंकर पुलिस ने बिलरोन गांव के विक्की, रवि कुमार और साहिल के खिलाफ मामला दर्ज किया है तथा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं। वन रेंज अधिकारी (वन्यजीव प्रभाग, गढ़शंकर) राजपाल ने कहा कि तीनों ने कथित तौर पर वन क्षेत्र में एक मंदिर के पास कुत्तों के साथ एक हिरण का शिकार किया। भाषा



फतेहाबाद। मंदिर के बाहर बैठा दम्पति। फोटो : हरिभूमि

## फतेहाबाद में रिश्ते शर्मसार

# बहू ने बुजुर्ग सास-ससुर को घर से निकाल दिया

## दर-दर की ठोकरें खाने के बाद मंदिर में लिया आसरा, बेटा भी लाचार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां की नहर कॉलोनी में एक बहू ने अपने बुजुर्ग सास-ससुर पर अत्याचार किए हैं। इसके बाद बहू ने बुजुर्ग दंपति को घर से बाहर निकाल दिया। बुजुर्ग दंपति ने दर-दर की ठोकरें खाने के बाद मंदिर में आसरा लिया है। दोनों का कहना है कि न तो उनका बेटा उनकी सुध ले रहा, न ही पुलिस कोई कार्रवाई कर रही। बताया जा रहा है कि बहू ने उनके बेटे से दूसरी शादी की है। फतेहाबाद के दुर्गा मंदिर के पास बैठी बुजुर्ग महिला सुमन ने बताया कि उसके बेटे ने कुछ माह पहले गंगानगर की रहने वाली महिला से शादी की थी। महिला की दूसरी शादी थी और उसके पहले बच्चे भी हैं। अब कुछ दिनों से उनकी बहू उन्हें परेशान कर रही है और घर से बाहर निकाल दिया।

### रिश्तेदारों ने भी बेसहारा छोड़ा

इसके बाद उनके रिश्तेदार आए और उन्हें अपने साथ श्री गंगानगर ले गए थे। लेकिन अब वे भी वापस उन्हें यहां छोड़ गए। उनका एक ही बेटा है, जो अब बहू के डर से उनकी सुध नहीं ले रहा। वे पुलिस के पास गए तो पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं की, जिस कारण भटक-भटक कर अब भगवान के दर पर आकर बैठ गए हैं। अब दंपति मंदिर में रहने को मजबूर है। दोनों प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।



## खबर संक्षेप

### देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ

**चंडीगढ़।** पीएम मोदी के कुशल एवं सशक्त नेतृत्व में भाजपा मिशन 2024 के लिए पूरी तरह से तैयार है। भाजपा की तैयारियों के सामने कांग्रेस कहीं नहीं ठहरती। भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर के बादली हलके के गांव रईया, तुंबाहेड़ी और हसनपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में भागीदारी करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। धनखड़ ने कहा कि देश की जनता मोदी जी के साथ है।

### जजपा ने खेल प्रकोष्ठ में 85 पदाधिकारी घोषित किए

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 85 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष ओलंपियन कोच एवं ध्यानचंद अवार्डी कुलदीप मलिक व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद खेल प्रकोष्ठ में प्रदेश प्रभारी और 84 हलका अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। ध्यानचंद अवार्डी ओमप्रकाश को प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी बनाया।

### पंचकूला में सुशासन दिवस कार्यक्रम में बोले भाजपा प्रभारी बिप्लब देब

# सुशासन के सपने को साकार कर रहे हैं पीएम नरेंद्र मोदी

**मोदी के नेतृत्व में हरियाणा की डबल-इंजन सरकार दोगुनी रफ्तार से कर रही विकास**

- कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कभी नहीं बन सकते प्रधानमंत्री
- गरीब-कल्याण की नीतियों से दलितों, पिछड़ों व गरीबों के जीवन में व्यापक बदलाव आ रहे हैं और यही भाजपा की सरकारों की पहचान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन पर पंचकूला में बूथ नंबर 23 पर आयोजित सुशासन दिवस के कार्यक्रम में बोलते हुए हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन के सपने को साकार करने में लगे हैं। इस मौके पर उन्होंने परिवारवाद कल्चर को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस को भी घेरा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के होते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे कभी पीएम नहीं बन सकते। इससे पहले उन्होंने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर फूल अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। देब ने कहा कि वाजपेयी ने दुनिया में राष्ट्रभाषा को सम्मान प्रदान कराया, वहीं मोदी जी भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं।



चंडीगढ़। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर फूल श्रद्धासुमन अर्पित करते हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देब। फोटो : हरिभूमि

#### कांग्रेस के झूठ में नहीं फंसेगी जनता

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बिप्लब देब ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में समझा था उनके झूठे झांसों में आकर जनता उनको सत्ता सौंप देगी, लेकिन यह भारत की जनता है इसको समझना बहुत कठिन है और जनता ने चुनाव में कांग्रेस को झुनझुना थमा दिया। देब ने कहा कि देश की जनता को अगर कोई नेता समझता है तो वे अटल जी थे और उनके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। इस मौके पर भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### मोदी के नेतृत्व में भारत छू रहा उंचाइयां

प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हरियाणा की डबल-इंजन सरकार दोगुनी रफ्तार से विकास कर रही है। गरीब-कल्याण की नीतियों से दलितों, पिछड़ों व गरीबों के जीवन में व्यापक बदलाव आ रहे हैं और यही भाजपा की सरकारों की पहचान है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत उंचाईयों को छू रहा है। मोदी के नेतृत्व का लोहा दुनिया मान रही है। दक्षिणी ध्रूव पर चंद्रायान-2 की सफल लैडिंग करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बना है। नारी शक्ति वंदन बिल पास कराकर मोदी जी ने महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनका सम्मान किया है।



### नायब सैनी ने पूर्व पीएम वाजपेयी को याद किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की मनोहरलाल सरकार अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए देश में कल्याणकारी योजनाओं से सुशासन स्थापित कर रहे हैं। सैनी ने कहा कि बीपीएल कार्ड जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना की परिकल्पना भी स्वर्गीय वाजपेयी ने की थी। सैनी सोमवार को सुशासन दिवस पर कैथल के लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके दिखाए गए मार्गदर्शन पर चलने का आह्वान किया।

## शिक्षा व्यवस्था का बंटाधार करने में जुटी सरकार: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



चार साल के अंदर करीब पांच सौ स्कूलों को बंद कर दिया गया

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव (उत्तराखंड प्रभारी), पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार नए सरकारी स्कूल खोलने की बजाए पहले से चल रहे स्कूलों को संभालने में नाकाम रही है। चार साल के अंदर करीब पांच सौ स्कूलों को बंद करने के बाद अब 20 या इससे कम संख्या वाले 1076 सरकारी स्कूलों को मर्ज करने नाम पर बंद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। वहीं, सरकारी स्कूलों में चहेतों को एडजस्ट करने के लिए ही हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत ठेके पर शिक्षक रखने की बात कही जा रही है। इससे शिक्षा का स्तर और गिरने की आशंका बनी हुई है।

## फील्ड में उतरकर सरकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाएं कर्मी: डिप्टी सीएम

- गुरुग्राम में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया है कि वे देश और प्रदेश की तरक्की के लिए दफ्तर में बैठकर नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र के गांव और शहरी इलाके में जाकर काम करें। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के दिन हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करेंगे ताकि आमजन का जीवन सुगम हो सके। उपमुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सुशासन का असली अर्थ यही है कि जो व्यक्ति प्रशासन और विभाग तक नहीं पहुंच सकते, उनके पास विभाग स्वयं पहुंच जाए और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया जाए। पीएम मोदी और सीएम के कुशल मार्गदर्शन में राज्य सरकार 600 से अधिक सेवाओं को पोर्टल के जरिए संचालित कर रही है।

### घर बैठे पारदर्शिता के साथ योजनाओं का लाभ देना ही सुशासन

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि गरीब और जरूरतंद व्यक्ति को पारदर्शिता के साथ घर बैठे ही योजनाओं का मिलना ही सुशासन है, जो प्रदेश सरकार लोगों को दे रही है। सरकार परिवार पहचान पत्र के आधार पर लोगों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ दे रही है। दलाल ने यह बात सुशासन दिवस के अवसर पर भिवानी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि आज लाभपात्रों के खातों में सीधे रूप से पैसे भेजे जा रहे हैं कोई बिचौलिया नही है, जबकि पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे।



### सरकार की अधिकतर योजनाएं ऑनलाइन होने से सुगमता बढ़ी: कंवरपाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि लोगों को घर बैठे सरकारी योजनाओं को लाभ सुगमता से पंहुचे ये ही सुशासन का मूलमंत्र है। हरियाणा सरकार ने प्रदेश के लोगों को पारदर्शी तरीके से लाभ देने के लिए विभन्नि विभागों की विभन्नि योजनाओं को ऑनलाइन किया है। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल जिला यमुनानगर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी और महामना मोहन मालवीय के जन्म दिवस के उपलक्ष में सुशासन दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने 20 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एंड्रायड मोबाइल वितरित किए।



### सिविल मेडिकल सर्विसेज एसो. 27 को हड़ताल पर जाने की तैयारी में

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की ओर एक बार 27 को हड़ताल पर जाने की तैयारी है। प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर राजेश ख्यालिया और मीडिया कोर्डिनेटर डाक्टर अमरजीत सिंह चौहान ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर से जिलेवार संपर्क साधा गया है। मांगों पर सुनवाई नहीं हो रही है, डाक्टरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा मांगों पर सहमति जताने और हरी झंडी देने के बाद भी मांग पूरी नहीं हुई है। जिसके कारण मांगों को लेकर 27 को एक बार फिर से काम छोड़ हड़ताल रहेगी केवल इमरजेंसी मरीजों को देखा जाएगा।

**मांगों पर सुनवाई नहीं हो रही**

### जब खिलाड़ियों की आंखों में आंसू आए तो उपराष्ट्रपति चुप थे: उदयभान सिंह



**जींद।** कांग्रेस के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री को लेकर कहा कि जब किसान आंदोलन कर रहे थे तब चुप रहे, खिलाड़ी आंदोलन कर रहे थे तब भी चुप रहे, साक्षी मलिक जब पत्रकारों से बातचीत कर रही थी तब सबकी आंखों में आंसू आ गए थे लेकिन वो चुप थे। ऐसे में उन्हें संविधान व अधिकार की बात करना शोभा नहीं देता। संविधान बचाने के लिए कांग्रेस को एकजुट होकर लड़ना है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## बदलाव यात्रा ने जनता की समस्याओं को उजागर करने का काम किया: डॉ. सुशील गुप्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- भाजपा सरकार के राज में हरियाणा का हर वर्ग दुखी

आम आदमी पार्टी की 10 दिवसीय बदलाव यात्रा ने प्रदेश की जनता की समस्याओं को उजागर करने का काम किया है। आप के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को कहा कि इसके तहत आम आदमी पार्टी के नेताओं ने 90 विधानसभाओं का दौरा किया और प्रदेश के लोगों की समस्याएं जानी व सरकार के सामने जनता के मुद्दे उठाए। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा हरियाणा का हर वर्ग प्रदेश में सत्ता परिवर्तन चाहता है। प्रदेश का हर वर्ग सरकार की जनता विरोधी नीतियों से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि बदलाव यात्रा में लाखों लोगों से रूबरू हुए। जनता ने शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर हर विभाग में फैले भ्रष्टाचार तक खट्टर सरकार की पोल खोल कर रख दी। सरकारी अस्पतालों की हालत भी बद से बदतर है, न दवाइयां हैं, 50% से ज्यादा चिकित्सकों के पद खाली हैं। जनता प्राइवेट अस्पतालों में महंगे बिलों देकर इलाज करवाने को मजबूर है।





रोहतक, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित



समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

जो हम दूसरों को देंगे वही लौटकर हमारे पास आएगा चाहे वो इज्जत हो, सम्मान हो या फिर धोखा। - अज्ञात



08 'अंतिम किला' फतह करने उतरेगा भारत
31 साल से द.अफ्रीका में नहीं जीता श्रृंखला

# सुशासन दिवस पर मनोहर सौगात : ग्रुप-डी कर्मियों के तबादले के लिए पोर्टल लॉन्च, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए स्मार्टफोन

**2024 के नए कैलेंडर का भी लोकार्पण किया**

**प्रदेश के हर जिले में कार्यक्रम आयोजित**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले 9 वर्षों से व्यवस्था परिवर्तन का प्रयास किया है और उन्होंने अनुशासन को ही सुशासन का आधार माना है। लोगों को घर बैठे सरकारी सेवाओं का लाभ सुलभता से पहुंचे यहीं सुशासन का मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला में सुशासन दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित अधिकारियों व अन्य लोगों को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने जन सहायक एप का लोकार्पण किया। वहीं, ग्रुप डी के कर्मचारियों के स्थानांतरण को लेकर पोर्टल की शुरुआत भी की। कार्यक्रम में 2024 के नए कैलेन्डर का भी लोकार्पण किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी वर्कर को स्मार्टफोन वितरित किए। प्रदेश भर में 25000 आंगनवाड़ी वर्कर्स, 1,000 सुपरवाइजर और 140 बीडीपीओ को स्मार्टफोन दिए गए हैं। इस अवसर पर सभी जिला मुख्यालयों से मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण और जिला प्रशासन के अधिकारीगण ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इस मौके पर सीएम ने लोगों को कई सौगातें दी।

### 11.50 लाख से अधिक लोगों की सीएमओ तक पहुंच

महामना पंडित मदन मोहन मालवीय और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर दोनों महापुरुषों को नमन करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में ही देश को पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण से जोड़ने का कार्य शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सुशासन का रोल मॉडल माना जाता है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2014 में हर वर्ष उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाने की पहल की है। आज सीएम विंडो के माध्यम से 11.50 लाख से अधिक लोगों की सीधी पहुंच उन तक हुई है।

### पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया



### ये ऐलान और सम्मान

**ऑनलाइन स्थानांतरण पोर्टल:** ग्रुप-डी कर्मियों के ऑनलाइन स्थानांतरण पोर्टल को लांच किया। इस पर ग्रुप-डी अधिनियम 2018 लागू होने के बाद जो कर्मचारी नियुक्त हुए थे वे इस पोर्टल पर अपने तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**आत्मनिर्भर पोर्टल:** इस पर हर व्यक्ति अपने परिवार पहचान पत्र के 5 दस्तावेजों को देख सकेगा। जिसमें पीपीपी, राशन कार्ड, जाति/आय प्रमाण पत्र, वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र, अति वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र शामिल।

**जनसहायक मोबाइल एप:** इसमें शिकायतें एवं सेवाएं, मेरी फसल-मेरा ब्योरा से किसान का विवरण, किसान गेट पास, ई-खरीद, जे-फार्म विवरण, संपत्ति विवरण, विवाह पंजीकरण जैसी सुविधाएं मोबाइल फोन पर ही उपलब्ध हो सकेंगी।

**स्मारिका विमोचन:** समेकित बहुउद्देशीय क्रियाकलाप सहकारी समितियां (सीएमपैक्स) स्मारिका का विमोचन किया जिसका उद्देश्य सहकारी आंदोलन से लोगों को जोड़ना है।

**कैलेंडर:** 2024 के कैलेण्डर का विमोचन।

**पुरस्कार बांटे:** सीएम मनोहर ने 12 अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन पुरस्कार भी प्रदान किए, जिनमें 6 स्टेट लेवल फ्लैगशिप अवार्ड, 3 स्टेट लेवल अवॉर्ड और 3 जिला स्तरीय गुड गवर्नेंस अवार्ड देकर अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

## पीएम मोदी बोले, गरीबों की सेवा व वंचितों का मान हमारी प्राथमिकता

# गरीब, युवा, महिलाएं और किसान मेरे लिए सबसे बड़ी चार जातियां

**कपड़ा मिल के 5,000 मजदूरों के 224 करोड़ के बकाये का भुगतान**

भाषा ▶▶| इंदौर

लोकसभा चुनावों से पहले, विपक्ष द्वारा देश में जातिगत जनगणना की मांग तेज करने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि गरीब, युवा, महिलाएं और किसान उनके लिए सबसे बड़ी चार जातियां हैं। मोदी ने इंदौर में राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'मजदूरों के हित, मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस से शामिल होते हुए कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मेरे लिए देश में चार जातियां सबसे बड़ी हैं। ये चार जातियां हैं-गरीब, युवा, महिलाएं और किसान। उन्होंने 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाई जाने वाली, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित विशाल कार्यक्रम में, इंदौर में 32 साल पहले बंद हुई हुकुमचंद कपड़ा मिल के करीब 5,000 मजदूरों के 224 करोड़ रुपये के बकाया का बटन दबाकर सांकेतिक भुगतान किया। परिसमापक के जरिये इस मामले के कानूनी निराकरण के लिए राज्य सरकार ने पहल की। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हुकुमचंद मिल मामले के निराकरण से इस कारखाने के पूर्व मजदूरों के परिवारों में त्योहारों का उल्लास बढ़ गया है। उन्होंने कहा, गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मान हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि देश के श्रमिक सशक्त बनें और समृद्ध भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

### डबल इंजन की सरकार करेगी विकास



नवंबर के दौरान हुए विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश की सत्ता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बड़े बहुमत से वापसी के बाद मोदी राज्य के किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में पहली बार शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने सूबे के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में कहा, ''मुझे विश्वास है कि हमारी डबल इंजन की सरकार की नई टीम को श्रमिक परिवारों का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि गरीबों का आशीर्वाद और उनका प्यार क्या कमाल कर सकता है।'

### जनता का आभार

विधानसभा चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत देने के लिए सूबे की जनता का आभार जताते हुए कहा कि मतदाताओं को भाजपा की ओर से दी गई चुनावी गारंटी पूरा करने के लिए नयी राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। मोदी ने यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाने के लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' निकाली जा रही है। प्रधानमंत्री ने इंदौर में कपड़ा उद्योग के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा,''हमारी डबल इंजन की सरकार इंदौर को उसका पुराना औद्योगिक गौरव लौटाने का प्रयास कर रही है जो पहले की सरकारों की गलत नीतियों के कारण धूमिल हो गया था।''

### हजारों करोड़ का निवेश आ रहा

मोदी ने इंदौर-भोपाल निवेश गलियारा, इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक गलियारा, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) और पीएम मित्र पार्क जैसी परियोजनाएं गिनाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार के राज में इंदौर के आस-पास हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है जिससे रोजगार के हजारों नये अवसर पैदा होंगे। मोदी ने इंदौर के पड़ोसी खरगोन जिले में 220 एकड़ जमीन पर 308 करोड़ रुपये की लागत वाले 60 मेगावॉट के सौर ऊर्जा संयंत्र के निर्माण की नींव भी रखी। इसकी लागत में शामिल 244 करोड़ रुपये की रकम इंदौर नगर निगम (आईएमसी) ने सार्वजनिक निर्गम (पब्लिक इश्यू) के रूप में फरवरी के दौरान पेश हरित बॉन्ड के जरिये जुटाई है। प्रधानमंत्री ने इस अभिनव सौर ऊर्जा परियोजना पर प्रसन्नता जताते हुए कहा,''जलूद में लगने वाले सौर ऊर्जा संयंत्र से इंदौर नगर निगम के बिजली बिल में हर महीने चार करोड़ रुपये की बचत होगी।'

# कोरोना के छह केस मिले स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर

**प्रदेश में अभी नए वैरिएंट जेएन-1 की पुष्टि नहीं हुई** | **रोहतक में शुरू होगी जीनोम सीक्वेंसिंग टेस्टिंग** | **खांसी-जुकाम वाले मरीजों के टेस्ट के निर्देश दिए**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में कोरोना की एंट्री ने अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। कोरोना के बढ़ते केस को देखते हुए अब हेल्थ डिपार्टमेंट जीनोम सीक्वेंसिंग टेस्टिंग की रोहतक लैब में ही तैयारी शुरू करने जा रहा है। स्वास्थ्य महानिदेशक (डीजीएचएस) रणदीप पुनिया की ओर से सभी जिलों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि सर्दी-खांसी या जुखाम वाले मरीजों के आरटीपीसीआर टेस्ट करने की हिदायत दी है। हेल्थ डीजी तैयारियों और हालातों का जायजा लेने के लिए सभी जिलों के अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। इस मीटिंग में जिलों के स्वास्थ्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यालय से जुड़ेंगे।

**2,000 टेस्ट रोज हो रहे**

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भी तैयारियों पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोविड को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। यही वजह है कि अब रोजाना 2,000 से अधिक टेस्ट किए जा रहे हैं। अब तक हरियाणा में कोविड के 6 एक्टिव केस हैं, जिन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। अच्छी बात यह है कि इनमें नए वैरिएंट जेएन.1 की पुष्टि नहीं हुई है।

**ये लक्षण मिले**

पॉजिटिव लोगों में हल्के कोविड लक्षण मिले हैं। उन्हें अब होम आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार 87 संदिग्ध मरीजों की पहचान की गई है, जिनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। इनमें से 19 मरीज अपने टेस्ट परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर अभी कोई केस सूबे में नहीं है।

**सरकार जारी कर चुकी गाइडलाइन**

सरकार ने तय किया है कि इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के मरीजों का आरटीपीसीआर टेस्ट किया जाएगा। बैठक में उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे केसों में आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य होना चाहिए। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का कहना है कि कोविड-19 को नोटिफाई बीमारी घोषित करना चाहिए, ताकि निजी अस्पतालों में कोई केस आए तो वह सीएमओ व सरकारी अस्पतालों को जानकारियां दें।

## खबर संक्षेप

### 32 वर्षीय हास्य कलाकार नील नंदा का निधन

**लॉस एंजिलिस।** 'जिम्मी किम्मेल लाइव' और 'एडम डिवाइंस हाउस पार्टी' जैसे कार्यक्रमों से ख्याति पाने वाले भारतीय मूल के हास्य कलाकार नील नंदा का 32 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। नंदा के लंबे अरसे तक प्रबंधक रहे ग्रेग वीज ने एंटरटेनमेंट वेबसाइट 'वेरायटी' से इसकी पुष्टि की है। भाषा

### रेप का आरोपी दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत से फरार

**नई दिल्ली।** पंजाब में बलात्कार के एक मामले का आरोपी बहरीन से यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर आव्रजन अधिकारियों की हिरासत में लिए जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। सूत्रों ने सूत्रों ने बताया कि अमनदीप सिंह 20 दिसंबर को एअर इंडिया के विमान से खाड़ी देश से यहां पहुंचा था। भाषा

### मेडिकल शोध के लिए युवा प्रतिभाओं को मिलेगी 'मेडटेक मदद'

**नई दिल्ली।** सरकार ने मेडटेक इनोवेटर्स को सशक्त बनाने और आयातित चिकित्सा उपकरणों पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए एक रणनीतिक पहल के तहत सोमवार को मेडटेक मित्र प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उद्घाटन समारोह में कहा कि मेडटेक मित्र एक ऐसा मंच है जो देश की युवा प्रतिभाओं को उनके शोध को अंतिम रूप देने में मदद करेगा। एजेंसी

# न्यूजक्लिक के एचआर हेड बन सकते हैं सरकारी गवाह

**कोर्ट में याचिका दायर, कहा-मेरे पास अहम जानकारियां**

**■ पुलिस को बताना चाहता हूं, मुझे मौका दिया जाए**

**■ सीबीआई, ईडी समेत 5 एजेंसियां कर रही चीनी फंडिंग की जांच**

**नई दिल्ली।** चीन से जुड़ी कंपनियों और संगठनों से फंडिंग लेने के आरोप में घिरी न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के एचआर हेड ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी लगाई है। अमित चक्रवर्ती ने सोमवार को दिल्ली की एक अदालत में सरकारी गवाह बनने की याचिका दायर की। उन्होंने कहा कि मेरे पास महत्वपूर्ण जानकारियां हैं, जो मैं पुलिस से शेयर करना चाहता हूं। चक्रवर्ती ने पिछले हफ्ते भी दिल्ली की एक अदालत में याचिका लगाकर न्यूजक्लिक मामले में माफी देने का अनुरोध किया था। 3 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने न्यूज पोर्टल से जुड़े कई पत्रकारों के घर छापेमारी की थी। इसके बाद पुलिस ने न्यूजक्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल दोनों न्यायिक हिरासत में हैं।

**20 जनवरी तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत**

19 दिसंबर को पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर मामले की जांच पूरी करने के लिए और 3 महीने का वक्त मांगा था। जस्टिस हरदीप कौर ने 22 दिसंबर को दिल्ली पुलिस की याचिका स्वीकार कर ली और जांच पूरी करने के लिए 60 दिन का अतिरिक्त समय दिया। कोर्ट ने प्रबीर पुरकायस्थ और अन्य की न्यायिक हिरासत भी 20 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी।

**पुंछ में तीन नागरिकों की मौत का मामला**

# सेना के एक अधिकारी समेत चार के खिलाफ कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी शुरू

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हालिया आतंकवादी हमले में तीन सैनिकों के शहीद होने के बाद सुरक्षा बल द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए तीन नागरिकों की मौत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद सेना ने आरोपित सेना के एक अधिकारी समेत चार जवानों के खिलाफ कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। सेना ने सुरनकोट बेल्ट के प्रभारी ब्रिगेडियर लेवल के अधिकारी और 48 राष्ट्रीय राइफल्स के तीन जवानों को मौजूदा ड्यूटी से हटा दिया है।

### आर्मी चीफ पहुंचे कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ सेक्टर में 21 दिसंबर को हुए आतंकी हमले के बाद आर्मी चीफ मनोज पांडे सोमवार को पुंछ पहुंचे। आर्मी चीफ ने यहां कमांडरों से मुलाकात की और उन्हें प्रोफेशनल तरीके से काम करने की हिदायत दी।

**यह था मामला**

आतंकियों ने सेना की 2 गाड़ियों पर हमला किया था। सुरनकोट इलाके में ढेरा की गली और बफलियाज में हुए हमले में 5 जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों ने अमेरिकी एम-4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल से स्टील बुलेट फायर की थीं। सैनिकों के शहीद होने के बाद सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। पूछताछ के लिए उठाए गए 8 संदिग्धों में से 22 दिसंबर को 3 के शव मिले थे। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।

**मुद्रा को वैश्विक स्तर पर ले जाएंगे**

# कच्चे तेल का रुपये में पहला भुगतान यूएई को

**नई दिल्ली (भाषा)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से खरीदे गए कच्चे तेल के लिए भारत ने रुपये में पहला भुगतान कर अपनी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने कहा है कि भारत अन्य तेल आपूर्तिकर्ता देशों के साथ भी इसी तरह के रुपया भुगतान सौदों की कोशिश में लगा हुआ है। लेकिन इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लागू करना एक प्रक्रिया है और इसके लिए कोई लक्ष्य नहीं रखा गया है। अपनी 85 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आयात पर निर्भर है। इसके लिए उसे बड़े पैमाने पर डॉलर में भुगतान करना होता है। लेकिन पिछले साल से भारत ने तेल की खरीद का भुगतान डॉलर के बजाय रुपये में करने की व्यवस्था शुरू की है और इस दिशा में रिजर्व बैंक ने भी जरूरी कदम उठाए हैं।

**भारत ने कहा, दूसरे देशों से भी कोशिश**

**राष्ट्रपति मुर्मू ने दी हरी झंडी**

# तीन नए आपराधिक न्याय विधेयक मंजूर

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद द्वारा पिछले सप्ताह पारित किए गए 3 नए आपराधिक न्याय विधेयकों को सोमवार को स्वीकृति प्रदान कर दी। तीन नए कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य कानून औपनिवेशिक काल के तीन कानूनों भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि इन विधेयकों का जोर पूर्ववर्ती कानूनों की तरह दंड देने पर नहीं, बल्कि न्याय मुहैया कराने पर है।



**विवाद** बंगाल में बोले-मिमिक्री मेरा मौलिक अधिकार, मैं हजार बार करूंगा

# कल्याण बनर्जी ने फिर उतारी उपराष्ट्रपति धनखड़ की नकल

**मुझे मार सकते हैं, लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगा लड़ना जारी रखूंगा**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने एक बार फिर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में एक सभा में अपने संबोधन के दौरान बनर्जी ने उपराष्ट्रपति का दोबारा मजाक उड़ाया। बांग्ला में बोलते हुए बनर्जी ने कहा कि वह मिमिक्री करते रहेंगे, यह एक आर्ट है। अगर जरूरत पड़ी तो वह ऐसा हजार बार भी करेंगे। कल्याण बनर्जी ने कहा, 'मेरे पास अपने विचार व्यक्त करने के सभी मौलिक अधिकार हैं। आप मुझे मार सकते हैं, लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगा, मैं लड़ना जारी रखूंगा।'

### मिमिक्री एक आर्ट

पश्चिम बंगाल में सभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आगे कहा, 'मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं है। हालांकि, मेरा एक सवाल है। क्या वह (जगदीप धनखड़) सच में राज्यसभा में ऐसा व्यवहार करते हैं? मिमिक्री एक आर्ट है और यह 2014 और 2019 के बीच लोकसभा में पीएम द्वारा भी की गई थी।'



### संवैधानिक पद पर हूं : धनखड़

मिमिक्री को लेकर उपराष्ट्रपति ने रविवार को भी अपना दर्द जाहिर किया। वह आवास पर इंडियन स्टेटिस्टिकल सर्विस प्रोबेशनर्स के बैच को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान धनखड़ ने कहा-एक पीड़ित ही जानता है कि उसे क्या सहना पड़ता है। उसे सभी का सामना करना है, हर किसी से अपमान सहना है। फिर भी एक ही दिशा में बढ़ते रहना है, जो रास ता भारत माता की सेवा की ओर जाता है। उन्होंने कहा कि भारत माता की सेवा करने के लिए आपको लोगों से आलोचना सहना भी सीखना होगा। मैं एक संवैधानिक पद पर हूं, इसके बावजूद लोग मुझे नहीं बख्शते।

**भाजपा ने मिमिक्री कांड पर विपक्ष को घेरा :** इस मिमिक्री कांड पर उप राष्ट्रपति और राज्यसभा सभापति धनखड़ ने सदन के अंदर बयान भी दिया। उन्होंने कहा-आप मेरा मजाक कितना भी उड़ा लो, लेकिन वो संवैधानिक पद की रक्षा हमेशा करते रहेंगे। भाजपा ने भी इस मुद्दे पर विपक्ष पर जमकर निशाना लगाया।

**दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला**

# केवीएस में दूसरे राज्य से बना आय प्रमाण पत्र मान्य

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि केंद्रीय विद्यालय (केवी) में आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में दाखिले के लिए आय प्रमाण उचित प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए न कि उस राज्य सरकार की ओर से जारी किया जाए जहां स्कूल स्थित है। केवीएस इस आधार पर ईडब्ल्यूएस श्रेणी में किसी छात्र को दाखिला देने से इनकार नहीं कर सकता है कि आय प्रमाण पत्र दिल्ली सरकार के बजाय दूसरे राज्य से हासिल किया गया है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि केंद्र ने अधिसूचित किया है कि सभी प्रासंगिक दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक सत्यापित करने के बाद तहसीलदार स्तर के अधिकारी द्वारा ही प्रमाण पत्र जारी किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी सवार दो लोग 402 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली की टीम ने दो आरोपितों को काबू कर उनके कब्जे से 402 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए कालांवाली पुलिस की टीम को गश्त के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि दो व्यक्ति गाड़ी में हेरोइन लेकर सप्लाई के लिए जा रहे हैं। पुलिस टीम ने दबिश दी तो पुलिस टीम को देखकर गाड़ी सवारों ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम सदस्यों ने गाड़ी सहित आरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से 201-201 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपितों की पहचान चरणजीत सिंह निवासी जगमालवाली व घुकांवाली निवासी गुरजीत सिंह के रूप में हुई।

### शिव मंदिर में रखी मूर्तियों को शरारती तत्वों ने तोड़ा

**कनीना।** कनीना-नारनौल मार्ग स्थित झिंगावन के शिव मंदिर में रखी मूर्तियों को शरारती तत्वों की ओर से तोड़े जाने को लेकर श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। गांव सरपंच रामचंद्र ने कनीना सदर थाना पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।

# समझौते के नाम पर नौकर ने आढ़ती से मांगे 3 लाख रुपये

## पुलिस ने आढ़ती की शिकायत पर आरोपी नौकर के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रतापनगर अनाज मंडी के आढ़ती अनिल अग्रवाल के साथ उसके नौकर गुरमेल सिंह ने मारपीट की। बाद में नौकर ने आढ़ती के खिलाफ पुलिस में झूठी शिकायत दे दी। उसके बाद आरोपित नौकर आढ़ती पर समझौते के नाम पर तीन लाख रुपये मांगने लगे। पुलिस ने आढ़ती की शिकायत पर आरोपी नौकर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतापनगर निवासी अनिल अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वह जगाधरी के सेक्टर-18 में रहता है। उसकी प्रतापनगर अनाज मंडी में दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी व बिलासपुर अनाज मंडी में गुरु नानक ट्रेडिंग कंपनी के नाम से आढ़त है।




■ आरोपित गुरमेल आढ़ती के पास करता था नौकरी

उनके पास बक्करवाला निवासी गुरमेल 2014 से 2022 तक बतौर ड्राइवर कार्य कर रहा था। आरोप है कि इस दौरान आरोपित गुरमेल ने कई बार रुपयों के लेन देन में गड़बड़ी की थी। जिस पर उसे नौकरी से निकाल दिया था। लगभग एक वर्ष के बाद गत 31 जुलाई को आरोपित दोबारा आया और गलती मानी। उसकी पारिवारिक स्थिति को देखते हुए अनिल अग्रवाल ने उसे दोबारा नौकरी पर रख लिया था। मगर इसके बाद भी आरोपी उससे रंजिश रखने लगा।

### कार्यालय में घुसकर मारपीट

अनिल अग्रवाल ने बताया कि इसी रंजिश के चलते गत 16 दिसंबर को आरोपी गुरमेल व उसकी पत्नी जबरदस्ती कार्यालय में घुस आए। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। शोर सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठे हुए तो उन्होंने उसे आरोपियों से छुडवाया। इसके बाद आरोपी ने उनके ही विरूद्ध झूठी शिकायत पुलिस में दी। जिसके फैसले के नाम पर आरोपी ने उससे तीन लाख रुपये की भी मांग की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गुरमेल के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मुनीम व दूसरे नौकर पर भी बनाया रुपये नहीं देने का दबाव

अनिल अग्रवाल ने बताया कि उनके पास बिलासपुर वाली आढ़त के मुनीम अंकित की नवंबर माह में शादी होनी थी। उसने छह लाख रुपये उधार लिए थे। यहीं पर एक अन्य नौकर शिवम भी नौकरी करता था। आरोप है कि गुरमेल ने अक्टूबर में अंकित व शिवम को जगाधरी अग्रसेन चौक पर बुलाया। जहां उसने शराब पिलवाई और अंकित को कहा कि वह उधार लिए छह लाख रुपये न दे। जिसके बारे में अंकित ने उन्हें बता दिया। इस बारे में आरोपी गुरमेल से बात की तो वह नौकरों के साथ ही गाली गलौज करने लगा।

### साइबर ठगी : गूगल से अस्पताल का कस्टमर केयर नंबर लेना युवक को पड़ा भारी, साढ़े तीन लाख ठगे

**यमुनानगर।** मॉडल टाउन निवासी विकास विनायक को गूगल से अस्पताल का कस्टमर केयर नंबर लेना भारी पड़ गया। गूगल से मिले नंबर पर जब उसने कॉल की तो वहां से टोकन के लिए उसे फाइल का लिंक भेजा गया। इस फाइल का लिंक ओपन करते ही उनके खाते से लगभग साढ़े तीन लाख रुपये कट गए। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शिकायत के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाउन निवासी विकास विनायक ने बताया कि उसे अपनी सास को इलाज के लिए दिल्ली के निजी अस्पताल में दाखिल कराना था। एक नवंबर को आपातकालीन भर्ती कराने के लिए उसने गूगल से दिल्ली के अस्पताल का नंबर लिया। उस नंबर पर कॉल की तो वहां से उसे टोकन जनरेट करने के लिए व्हाट्सएप के माध्यम से एक फाइल का लिंक भेजा। जैसे ही उसने उस लिंक पर क्लिक किया और पेमेंट करने के लिए कार्ड की डिटेल डाली लेकिन वह ट्रांजेक्शन सफल नहीं हुई। उस समय खाते से कोई रुपये नहीं कटे। इसके बाद पांच नवंबर को उनके खाते से पांच हजार रुपये कट गए। फिर दूसरे बैंक खाते से रुपये कटे। इस प्रकार अलग-अलग कर उसके खाते से साढ़े तीन लाख रुपये निकाल लिए गए।

■ सास को इलाज के लिए दिल्ली के निजी अस्पताल में कराना था दाखिल

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेन्द्र** पुत्र **सतपाल सिंह** निवासी **वी.पी.ओ. मतन, थाना सदर बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा** ने case **FIR No. 345/2012 U/S 33 Delhi Excise Act, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **नरेन्द्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **नरेन्द्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 345/2012 U/S 33 Delhi Excise Act, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नरेन्द्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 30.01.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री ऋषभ कपूर,
महानगर दंडाधिकारी–05, उत्तर पश्चिम जिला,
कमरा नं. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14704/OD/2023(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रण सिंह डायरेक्टर ऑथोराइज्ड सिग्नेटरी ऑफ रेलकॉम टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड** निवासी **प्लॉट न 325, सेक्टर 17, HSIDC इंडस्ट्रियल एस्टेट बहादुरगढ़, हरियाणा CC.No.7722/19 u/s 138 N.I Act.** के अंतर्गत **थाना : शालीमार बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रण सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रण सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC.No.7722/19 u/s 138 N.I Act. थाना: शालीमार बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रण सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.01.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आयुष शर्मा Ld, MM उत्तर पश्चिम
कमरा 113, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/14518/NW/2023 Court matter

# अनियंत्रित ट्रॉला दुकान में धुसा दुकानदार की मौत, चालक गंभीर

■ ट्राला चालक के दोनों पैर कटे

■ लोगों ने क्रेन से निकाला



**रेवाड़ी।** पाल्हावास बस स्टैंड पर सोमवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रॉला दुकान में घुस गया, जिससे दुकानदार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ट्रॉला चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने क्रेन की मदद से ट्रॉला को दुकान से बाहर खींचकर चालक को ट्रॉले से बाहर निकाला। चालक के दोनों पैर हादसे में कट गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

सोमवार सुबह करीब 8 बजे रोहतक नेशनल हाइवे से पाल्हावास बस स्टैंड पर एक ट्रॉला कोसली की ओर जाने के लिए मुड़ रहा था। उस समय घना कोहरा छाया हुआ था। यह ट्रॉला पाल्हावास निवासी फल विक्रेता करीब 65 वर्षीय कृष्ण की दुकान में घुस गया। सूचना मिलने के बाद रोहड़ाई थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

**जैसलमेर हाइवे पर पलटी कार:** जैसलमेर नेशनल हाइवे पर रविवार की रात राजस्थान के खाटूश्याम धाम से दिल्ली घर लौट रहे परिवार की कार कनुका के पास डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार चालक व उसमें सवार पांच महिलाएं मामूली घायल हो गईं। घायलों प्राथमिक उपचार के बाद सभी अपने गंतव्य के लिए रात को ही रवाना हो गए।

**थार गाड़ी स्कूल की दीवार में घुसी:** महेंद्रगढ़ रोड पर सोमवार सुबह थार गाड़ी जाडरा के निकट स्कूल की दीवार में घुस गई। इस हादसे में गाड़ी में सवार दो लोगों को चोटें आने की सूचना है। महेंद्रगढ़ की ओर से आ रही गाड़ी कोहरे में संतुलन बिगड़ने के बाद दीवार में घुस गई। एयरबैग खुलने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया।

# नशे और ड्रग्स के विरुद्ध सामाजिक जन जागरण की चलेगी मुहिम, 'लोटा-नमक' का लिया जाएगा सहारा

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे में युवा पीढ़ी को नशे और ड्रग्स से बचाने के लिए जल्द ही मुहिम की शुरुआत होगी। पुरानी सामाजिक परंपराओं को अपनाकर और संस्थाओं से मदद लेकर मुहिम को तेज किया जाएगा। खासतौर पर पंजाब से लगते हुए जिलों में खास ध्यान रखने की तैयारी है। समाज, ग्रामीण समाजसेवी और पंचायती लोगों का दबाव बनाकर युवाओं को नशे से बचाने की मुहिम चलेगी। इसी क्रम में एक दौर में चलने वाले लोटा-नमक फार्मूले का सहारा भी लिया जाएगा।

इस क्रम में पुलिस और हरियाणा नारकोटिक्स ब्यूरो की ओर से कोर्डिनेशन के तहत यह मुहिम चलाई जाएगी। विभाग की ओर से इसका श्रीगणेश कर दिया गया है। इस क्रम में सबसे पहले इस्तेमाल करने वालों, इन्हें सप्लाई करने वाले तस्करों सभी को चिह्नित कर लिया जाएगा। इसके अलावा नशेड़ियों को भी सूचीबद्ध करने की तैयारी है, जिसके बाद में उन्हें सामान्य जीवन में लाने की तैयारी है। इस क्रम में उन्हें सामाजिक दबाव बनाकर शपथ दिलाने का काम होगा। युवाओं को नशे से दूर रखने की इस मुहिम को लेकर पुलिस प्रमुख और हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी ) पुरानी और लोकप्रिय परंपराओं का सहारा भी लेगी, क्योंकि कई बार सामाजिक दबाव और शर्म के तहत भी दबाव बनाकर युवा वर्ग को नशे से दूर किया जा सकता है। खास बात है कि एनसीबी नए साल में इस मुहिम को तेज करने की तैयारी में है। इसके तहत खास कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर ली गई है, कार्यक्रम में ड्रग तस्करों और नशे के आदी लोगों को कार्यक्रम रखकर सामाजिक लोगों, संस्थाओं को बुलाकर 'लोटा-नमक और अन्य तरह के कई फार्मूले अपनाकर नशे से दूर कराया जाएग। ग्रामीण समुदाय से जुडे. प्रमुख लोगों और नशीली दवाओं के पूर्ण त्याग की शपथ दिलाई जाएगी।

अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का नाम 'हार्ट चेंज कैंपेन' रखा गया है। इसका उद्देश्य नशीली दवाओं के आदी लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने की रणनीति तैयार की गई है। यूपी, राजस्थान और हिमाचल, उत्तराखंड, दूरदराज क्षेत्र में चुनावों के दौरान अनोखी परंपरा है। वोट हासिल करने के लिए चुनाव के दौरान इस तरह के फार्मूलों को अपनाया जाता है। प्रत्याशी लोटा-नूण (नमक) से कसम दिलवाते हैं। पंचायत चुनाव का बिगुल बजते ही लोटा-नमक से वोट हासिल करने का दौर शुरू हो गया है। लोटा और नमक की कसम मजबूत कसम मानी जाती है। इस कसम को ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा माना जाता है। एक जमाने में यह कसम एक प्रकार से अदालत का काम करती थी। जो सच अदालत में भी साबित नहीं होता था उसे साबित कराने के लिए लोटा नमक कसम खिला कर साबित किया जाता था। अब इस परंपरा के जरिए ही लोगों के वोट हासिल करने की कोशिश की जाती है। ग्रामीण इलाकों में यह आज भी प्रचलित है। अभियान के तहत गांव में नशीली दवाओं के तस्करों और उपभोक्ताओं की पहचान करने के बाद, उन्हें गांव में ही समुदाय, बुजुर्गों और पंडितों के सामने लाया जाएगा। सबके सामने उन्हें बताया जाएगा कि नशे से उन्हें, उनके परिवार और समुदाय को कितना नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं, अगर वे आजीविका के लिए ऐसा कर रहे हैं, तो उन्हें बताया जाएगा कि गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के लिए सरकार की कई योजनाएं हैं। एनसीबी अधिकारियों का कहना है कि पहले युवाओं को नुकसान के बारे में सचेत किया जाएगा। बाद में बताया जाएगा कि राज्य में नशीली दवाओं के तस्करों के खिलाफ सख्त कदम उठाया जा रहा है।

### 3500 ड्रग तस्कर किए गिरफ्तार

इस साल एनसीबी ने हरियाणा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर पहले 11 महीनों में ही 3,500 से अधिक ड्रग तस्करों को पकड़ा है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार, एक आश्चर्यजनक रहस्योद्घाटन सामने आया कि इनमें से 90 प्रतिशत गिरफ्तारियों में छोटे पैमाने के ड्रग पैडलर शामिल रहे, जो अक्सर गरीबी या लत के कारण इस व्यापार में शामिल होते थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1344+1345

हमकि (1) राजकुमार पुत्र रिजकराम पुत्र मेहर सिहं व (2) प्रदीप कुमार (3) सन्दीप गहलोत पुत्रान राजकुमार पुत्र रिजकराम, निवासीगण मकान न0 125, गांव ककरोला, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110078 एवं बिस्वेदारान गांव निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2019–20 व इंतकाल न0 1519 त0म0, 1652 तकसीम के अनुसार खेवट न0 169मिन/143, खाता न0 173 मिन, मु0 न0 15, किला न0 7(7–8), मु0 न0 19, किला न0 21(8–0), 22(8–0), 23(8–0), मु0 न0 39, किला न0 14(7–8), 15(8–0), 16(8–0), 17(7–8), 24(7–8), 25(8–0), मु0 न0 49, किला न0 5(7–7), किते 11, तादादी रकबा 84 कनाल 19 मरले का 1/2 भाग, बकदर 42 कनाल 9.5 मरले (जिसमें प्रदीप कुमार – सन्दीप गहलोत हर दो समभाग) व खेवट न0 192मिन/161, खाता न0 196मिन, मु0 न0 9, किला न0 10/1/2(1–13), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 13 मरले सालम भाग, व खेवट न0 193मिन/162/3, खाता न0 197मिन, मु0 न0 9, किला न0 10/2/2(1–9), 11/2/1(0–6), किते 2, तादादी रकबा 1 कनाल 15 मरले सालम भाग व खेवट न0 194मिन/163/1, खाता न0 198मिन, मु0 न0 9, किला न0 10/3(0–4), 11/1/1(0–0), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 4 मरले सालम भाग व खेवट न0 196मिन/165, खाता न0 200मिन, मु0 न0 8, किला न0 6/2/3(1–13), 15/1(0–5), किते 2, तादादी रकबा 1 कनाल 18 मरले सालम भाग, उपरोक्त खेवटों से तादादी रकबा 5 कनाल 10 मरले (जिसमें राजकुमार मालिक व काबिज है) उपरोक्त सभी खेवटों से तादादी रकबा 47 कनाल 19.5 मरले (5.996875 एकड़), वाका रकबा मौजा निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 8, किला न0 6/2/3(1–13), 15/1(0–5), मु0 न0 9, किला न0 10/1/2(1–13), 10/2/2(1–9), 10/3(0–4), 11/1/1(0–0), 11/2/1(0–6), मु0 न0 15, किला न0 7 मिन उत्तर (3–14), मु0 न0 19, किला न0 21(8–0), 22 मिन पश्चिम (4–0), मु0 न0 39, किला न0 14(7–8), 15(8–0), 16 मिन उत्तर (6–0), 17 मिन उत्तर (5–7.5), किते 14, तादादी रकबा 47 कनाल 19.5 मरले (5.996875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अत: यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 25.12.2023

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## राशिफल

**मेष** — किसी विदेशी कारोबार के लिए भाग–दौड़ बढ़ सकती है। विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। लाभ के मौके मिलेंगे।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सुखद समाचार मिलेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। तरक्की के योग हैं।

**सिंह** — बातचीत में संयत रहें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** — मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। पिता का साथ मिलेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आए के नए स्रोत बनेंगे।

**कुंभ** — किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। निवेश लाभप्रद रहेगा। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**मीन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी प्रापर्टी में निवेश कर सकते हैं।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**जॉब**

☞ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.

**फाईनैंस**

☞ MAHENDRA FINANCE COMPANY, काम हमारा विश्वास आपका सरकारी योजना, मुद्रा लोन (10+2), मार्कशीट, प्रोपेर्टी, पर्सनल, बिजनेस, मकान, 3 LAKH से 40 LAKH तक लोन। महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट ऑनलाइन सुविधा घर बैठे पायें। 2% ब्याज, 30% सब्सिडी। (10 मार्कशीट 24 घंटे 3 लाख का लोन) सिबिल खराब लोन पाएं, 93503 86748, पहले आएं पहले पायें

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मुख्यमंत्री के उड़नदस्ते ने अवैध रूप से सिगरेट बनाने वाली कंपनी पर मारा छापा

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते को ब्रह्मांड समाज कल्याण ट्रस्ट नई दिल्ली से सूचना प्राप्त हुई कि प्लांट न. 10 डबुआ पाली रोड में निधि तम्बाकू कंपनी में अवैध रूप से पेरिस नाम से विदेशी सिगरेट बनाई जाती है जबकि कंपनी संचालक द्वारा इस प्रकार की सिगरेट बनाने के लिए कोई वैध लाइसेंस नहीं लिया हुआ है क्योंकि इस प्रकार की सिगरेट यहां पर बेचना प्रतिबंधित है। इस सूचना के सम्बंध में कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री उडनदस्ते के डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में जगदीश इंस्पेक्टर, सतबीर सिंह सब इंस्पेक्टर व ब्रजेश द्वारा ललित सदस्य ब्रह्मानंद समाज कल्याण ट्रस्ट नई दिल्ली व डबुआ कालोनी पुलिस की मदद से चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान निधि तम्बाकू कंपनी में सुपरवाइजर पंकज हाजिर मिला जिसने बताया कि यह कंपनी सतेंदर उर्फ सैतेन निवासी सेक्टर 21 फरीदाबाद की है तथा करीब 2-3 साल से चल रही है। कंपनी संचालक द्वारा निधि पेरिस नाम से सिगरेट बनाने का ब्रांड लिया हुआ है व लेकिन पेरिस नाम की सिगरेट को स्थानीय मार्केट में ज्यादा खरीदा जाता है क्योंकि यह विदेशी ब्रांड है, इसलिए ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए पेरिस व अन्य कंपनियों के नाम की सिगरेट भी बनाई जाती है। निरीक्षण पर कंपनी में पेरिस सिगरेट नाम के रैपर रखें मिलें व बनाई हुई सिगरेट के तैयारशुदा पैकेट पाए गए। सिगरेट के पॉकिट पर कोटपा के नियमानुसार एडवरटाइजिंग प्रिंट करनी नहीं पाई गई।

■ 25 लाख की सिगरेट बरामद



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम डबुआ–पाली रोड़ स्थित सिगरेट बनाने वाली कम्पनी पर छापेमारी करती हुई।

## शब्द पहेली - 5375



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5374 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

## सूडोकु नवताल - 5385

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5384 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# साहिबज़ादों की वीरता और बलिदान को नमन



# वीर बाल दिवस

स्थान : **भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली**
दिनांक : **26 दिसंबर 2023** | समय : **सुबह 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति
## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



"हमारे साहिबज़ादों का जीवन, तथा उनकी बेमिसाल कुर्बानी का संदेश, देश के हर बच्चे तक पहुंचे, वो उनसे प्रेरणा लेकर देश के लिए समर्पित नागरिक बनें, हमें इसके लिए प्रयास करने हैं।"

इस अवसर पर देशभर में विभिन्न आयोजन...

- बच्चों द्वारा **मार्च पास्ट**
- सिख बच्चों द्वारा **शबद कीर्तन पाठ**
- बच्चों द्वारा **युद्ध कला** का प्रदर्शन
- MYBharat प्लेटफॉर्म और MyGov पोर्टल पर **इंटरैक्टिव क्विज़**
- **डिजिटल एग्जीबिशन** व देशभर के स्कूलों और चाइल्ड केयर संस्थानों में विशेष सभाएं

भारत मंडपम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आप डीडी न्यूज़ पर देख सकते हैं।
विशेष सहयोग – दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी

CBC 46101/13/0004/2324

## चिंतन

# रुपये के अंतर्राष्ट्रीयकरण से भारत को बड़ा फायदा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से खरीदे गए कच्चे तेल के लिए भारत ने रुपये में पहला भुगतान कर अपनी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। भारत लंबे समय से ग्लोबल मार्केट में रुपये में भुगतान की कोशिश कर रहा है। इसके लिए भारत ने करीब 68 देशों के साथ नीतिगत सहमति भी बनाई है। भारत अपनी मुद्रा रुपये को ग्लोबल मार्केट में एक विनिमय मुद्रा के रूप में स्थापित करना चाहता है। हाल के वर्षों में डॉलर की बढ़ती बादशाहत से दुनिया के अधिकांश देश असहज महसूस कर रहे हैं। डॉलर को लेकर अमेरिकी रुख से भी दूसरे देशों को परेशानी होती है। ऐसे में देश अपनी अपनी मुद्रा में आपसी व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। चीन पहले से कोशिश में लगा है, रूस भी कोशिश कर रहा है, पर उसकी मुद्रा रूबल की हालत खस्ता है। भारत रूस के साथ भी रुपये में भुगतान कर तेल खरीदना चाह रहा था। यूक्रेन जंग के दौरान भारत ने रूस से सबसे अधिक कच्चे तेल का आयात किया। भुगतान के लिए रुपये पर बात चल रही थी, पर अंत तक आंशिक सहमति ही बन पाई है। इस बीच यूएई से रुपये में तेल खरीद कर जहां अंतरराष्ट्रीय बाजार को साफ संदेश दिया है कि भारत को सामान बेचने के लिए रुपये में भुगतान एक विकल्प है, वहीं इससे डॉलर पर निर्भरता भी कम होगी। यह भुगतान लेने वाले के लिए भी अच्छा है कि उसे भारत से आयात के समय डॉलर की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारत अन्य तेल आपूर्तिकर्ता देशों के साथ भी इसी तरह के रुपया भुगतान सौदों की कोशिश में लगा हुआ है। रुपये में भुगतान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लागू करना एक प्रक्रिया है और इसके लिए कोई लक्ष्य नहीं रखा गया है। अपनी 85 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आयात पर निर्भर है। इसके लिए उसे बड़े पैमाने पर डॉलर में भुगतान करना होता है, लेकिन पिछले साल से भारत ने तेल की खरीद का भुगतान डॉलर के बजाय रुपये में करने की व्यवस्था शुरू की है और इस दिशा में रिजर्व बैंक ने भी जरूरी कदम उठाए हैं। इस दिशा में भारत ने जुलाई में यूएई के साथ रुपये में भुगतान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से 10 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद का भुगतान रुपये में किया है। इसके अलावा रूस से आयात किए गए कच्चे तेल के कुछ हिस्से का भी भुगतान रुपये में किया गया है। हालांकि हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि तेल खरीद का भुगतान रुपये में करने से लागत न बढ़े और इसका व्यापार पर किसी भी तरह से नुकसान न पड़े। जहां रकम अधिक नहीं है वहां रुपये में सौदा निपटान में ज्यादा समस्या नहीं होती है, लेकिन जब कच्चे तेल का हरेक जहाज लाखों डॉलर की कीमत का हो तो समस्याएं होती हैं। भारत व्यापक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए स्थिति से निपट रहा है। रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण से डॉलर की मांग कम करने में मदद मिलेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्विक मौद्रिक झटकों का कम असर होगा। यूएई को रुपये में भुगतान डॉलर की बादशाहत खत्म करने को उठाया गया यह एक बड़ा कदम है। करीब दो सालों से अमेरिका महंगाई को कम करने और डॉलर को मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में इजाफा करता जा रहा है। ग्लोबल इकोनॉमी में डॉलर को लेकर अलग से नैरेटिव भी क्रिएट हो रहा है कि कि अब डॉलर के बजाय दुनिया के बाकी देश अपनी-अपनी करेंसी को मजबूत करें। इससे दूसरी मुद्राएं भी मजबूत होंगी। चीन भी डॉलर का मुकाबला करने के लिए युआन का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है और उसने ब्राजील और अर्जेंटीना के साथ करेंसी डील की है। चीन डॉलर के सामानान्तर युआन को लाना चाहता है, जो मुमकिन नहीं है। भारत को तेजी से रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण को आगे बढ़ाना होगा।

मुद्दा
डॉ. मोनिका शर्मा



# युवाओं के आदर्श बनें सितारे

तेलुगू फिल्मों के चर्चित चेहरे अल्लू अर्जुन ने अपनी आगामी फिल्म में शराब और पान मसाला के विज्ञापन से इंकार कर दिया। प्रस्ताव यह था कि फिल्म के जिस भी दृश्य में अल्लू अर्जुन अपने किरदार को निभाते हुए धूम्रपान करते या पान मसाला चबाते दिखेंगे, स्क्रीन पर उस उत्पाद के ब्रांड का लोगों दिखाया जाएगा। यूं विज्ञापन करने के लिए 10 करोड़ रुपये देने की पेशकश की गई थी। मोटी रकम को ठुकराते हुए इस फिल्मी सितारे ने खुद को इस तरह एक उत्पादों का प्रचार करने में असहज होने का कारण बताया। ज्ञात हो कि यह पहली बार नहीं है जब फिल्मी दुनिया के इस चर्चित चेहरे ने शराब और पान मसाला का विज्ञापन करने से इंकार किया है। इससे पहले एक तंबाकू कंपनी के टेलीविज़न विज्ञापन के लिए भी ना का चुके हैं। मोटी रकम देने की पेशकश के बावजूद युवाओं में पैठ रखने वाले एक सितारे का ऐसे उत्पादों के विज्ञापनों को ठुकराना सुखद उदाहरण ही कहा जाएगा।

दरअसल, फिल्मी दुनिया हो या खेल का संसार। ऐसे क्षेत्रों से जुड़े सफल चेहरों से जुड़ी बातें और बर्ताव ना केवल चर्चा का विषय बनते हैं बल्कि उनका अनुसरण करने की मानसिकता भी खूब देखने को मिलती है। विशेषकर युवाओं पर उनकी हर गतिविधि का असर होता है। स्क्रीन पर परोसी गई सामग्री से लेकर व्यक्तिगत जीवन की बातों तक, युवा काफी गहराई से प्रभावित होते हैं। कुलमिलाकर हानिकारक उत्पादों का प्रचार पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। ऐसे विज्ञापनों से युवा और किशोर भ्रमित होते हैं। ऐसे विज्ञापन बेहद आकर्षक होते हैं। इनके संवाद हों या भाव-भंगिमा, लोगों की मनःस्थिति पर सीधा सर करते हैं। यही कारण है कि चर्चित हस्तियों को ऐसे विज्ञापनों का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जाता है। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा था कि दुनिया भर में हर साल तम्बाकू उत्पादों के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की मौत हो जाती है। साथ ही लोगों को बहकाने के लिए विज्ञापन रणनीतियों का सहारा लिया जाता है, जिन पर 9 अरब डॉलर का ख़र्च होता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि नामी-गिरामी हस्तियों की खास छवि की जनमानस में गहरी पैठ होती है। जन-कल्याण से जुड़े सजगता का सन्देश देने वाले विज्ञापन हों या खालिस व्यावसायिक उत्पादों का प्रचार, लोकप्रिय चेहरों की पहुँच और प्रभाव दोनों असरकारी साबित होते हैं। यही वजह है कि कंपनियाँ मोटी धनराशि देकर ऐसे सितारों को अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चुनती हैं। विज्ञापन से मिलने वाली मोटी रकम के चलते अपने क्षेत्र में नाम कमाने वाले अधिकतर चर्चित चेहरे भी ना सिर्फ विज्ञापनों की दुनिया का हिस्सा बनते हैं बल्कि बिना किसी चयन और मापदंड के किसी भी उत्पाद या सेवा के इस्तेमाल की सलाह देते भी नजर आते हैं। हाल ही में भारत सरकार के विकसित भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर बने अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह ने भी टोबैको फ्री इंडिया मुहिम के एक कार्यक्रम में कहा था कि युवाओं के सामने रोजाना तंबाकू के विज्ञापन किए जा रहे हैं। मुनाफे के लिए इनके संवेदनशील दिमागों को निशाना बनाया जा रहा है। ध्यातव्य है कि स्वयं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक उत्पादों का विज्ञापन करने को ना कह चुके संग्राम सिंह 'तंबाकू फ्री इंडिया' अभियान का चेहरा भी हैं।

ऐसे में किसी विज्ञापन के माध्यम से समाज में जा रहे सन्देश को देने से पहले उसके असर को समझना, लोकप्रिय चेहरों की भी जिम्मेदारी है। खिलाड़ी हों या फिल्मी सितारे, जनप्रियता भी एक जवाबदेही साथ लाती है। शराब और तंबाकू उत्पादों के सेवन से जुड़े स्वास्थ्य के खतरे किसी से छुपे नहीं हैं। उच्चत्तम न्यायालय ने भी बीते साल गुटखा तम्बाकू की खुले आम बिक्री पर नाराजगी जताई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कई बार चेताया है कि धीमा जहर कहे जाने वाले तंबाकू उत्पाद कई जानलेवा बीमारियों की जड़ हैं। वहीं शराब की आदत भी दुर्घटनाओं और अपराधों के आंकड़े बढ़ाने से लेकर स्वास्थ्य बिगाड़ने तक, कई जोखिम साथ लाती है। ऐसे में सितारे स्वयं मोटी राशि कमाने के फेर में जनता से मिले प्रेम, सराहना और विश्वास के भाव की अनदेखी करने के बजाय अपने दायित्व को समझें। हानिकारक उत्पादों का विज्ञापन कर उनका बाजार बढ़ाने की वकालत करने का रास्ता ना चुनें।

(लेखक सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



राजनीति
अवधेश कुमार

# चुनावी रणनीति का शिकार हुई संसद

सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। यह मान कर चलिए कि इस संसद का अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे। निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र के शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि होने संबंधी आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। इसके विपरीत निलंबन पर गर्व महसूस करना गलत है।

संसद के शीतकालीन सत्र ने अपने माननीय सांसदों के निलंबन का रिकॉर्ड बना दिया। पूरा देश संसद सांसदों के व्यवहार और निलंबन की घोषणा को देखकर विस्मित था। दोनों सदनों को मिलाकर 146 सांसदों के निलंबन की कभी कल्पना भी नहीं की गई होगी। अंतिम दिन तो कांग्रेस के केवल 9 सांसद लोकसभा में बचे थे जिनमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी शामिल थे। सत्र समाप्त होने के साथ आईएनडीआईए के सदस्यों ने पहले संसद से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला और बाद में जंतर-मंतर पर धरना दिया व विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को नाम दिया गया था, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ। ठीक विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर लोकतंत्र के अपहरण का आरोप लगाया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि दृश्य ऐसा था मानो विपक्षी सांसद अपने निलंबन करने के लिए गिड़गिड़ा रहे हों। इसमें सबसे चिंता का विषय सरकार और विपक्ष की लड़ाई का लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति बनाम विपक्ष में परिणत हो जाना है। प्रत्यक्ष तौर पर भले यह शत-प्रतिशत न दिखे पर सच्चाई यही है। अगर माननीय सांसद सर्वसम्मति से निर्धारित आचरण को तोड़ते हुए बेल में जाते हैं ,और तख्तियां दिखाते हैं, नारे लगाते हैं, आसान की ओर कागज फेंकते हैं तो यह सरकार का नहीं आसन यानी अध्यक्ष और सभापति का अपमान होता है।

इस समय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच के पत्र व्यवहार को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी चिंताजनक है। वास्तव में उपराष्ट्रपति का पत्र यदि विपक्ष को इस स्थिति के लिए उत्तरदायी ठहराता है तो मल्लिकार्जुन खरगे भी सीधी बात न करते हुए उन्हें ही घेरने की कोशिश करते दिखते हैं। धनखड़ ने खरगे और राकांपा प्रमुख शरद पवार को पत्र लिखकर कहा है कि स्वीकार नहीं की जाने वाली मांगों के जरिए सदन को पंगु बनाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लिखा है कि पीड़ा के साथ कह रहा हूं कि मेरे आग्रह और प्रयासों को सदन में स्वस्थ कामकाज के लिए आपका समर्थन नहीं मिला। अनुभवी नेता के तौर पर आप जानते हैं कि पीठासीन अधिकारी के साथ बातचीत उच्च प्राथमिकता होती है। सभापति के लिए इससे अधिक पीड़ादायी कुछ नहीं हो सकता है कि मुलाकात का आग्रह स्वीकार नहीं किया गया। यह संसदीय परंपरा के अनुरूप नहीं था। इस तरह का विमर्श सभापति को सदन में सार्थक बहस के लिए प्रेरित करता है। उनके पत्र की एक पंक्ति देखिए,- यह देखकर दुख हुआ कि कुशल राजनीतिज्ञ का दृष्टिकोण प्रदर्शित करने और उच्च सदन की गरिमा बनाए रखने के बजाय अनुभवी सदस्यों ने भी दलगत भावना से प्रेरित दृष्टिकोण अपनाया। दूसरी ओर खरगे ने अपने पत्र में इतनी बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन को भारत के संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के लिए हानिकारक बताते हुए कहा है कि वह इससे व्यथित और चिंतित हैं और निराशा



व दुखी महसूस कर रहे हैं। उनकी पंक्ति देखिए, 'मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर रूल्स एंड प्रोसीजर ऑफ द काउंसिल आफ स्टेट्स यानी राज्यसभा के के नियम व प्रक्रियाओं से संबंधित नियमों के तहत कई नोटिस दाखिल किए गए थे। खेद का विषय है कि न तो इनको स्वीकार किया गया और न ही मुझे या विपक्षी दलों के किसी अन्य सदस्य को बोलने की अनुमति प्रदान की गई।'

इन पंक्तियों के बाद किसी को संदेश रह जाता है कि खरगे अंततः किसे आरोपित कर रहे है। संसद के दोनों सदन में अंतिम निर्णय अध्यक्ष व सभापति का ही मान्य होता है। खरगे कह रहे हैं कि हमने तो आपको नोटिस दिया लेकिन आपने चर्चा नहीं कराया। वे उपराष्ट्रपति से मिलने की बात कर रहे हैं किंतु इसमें भी उन्होंने लिखा है कि आपसी सहमति से निर्धारित तिथि पर वह उनसे मामले पर चर्चा करें और उनकी चिताओं का निवारण करें। इस तरह की भाषा में लिखा गया पत्र ही बताता है कि स्थिति कितनी बिगड़ चुकी है। सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। यह मान कर चलिए कि इस संसद का अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे।

दो युवकों का दर्शक दीर्घा से कूदना और एक का जूते से प्लास्टिक कैन निकालकर पीला धुआं छोड़ना चिंताजनक घटना थी। अगर कोई स्मोक कैन ले जा सकता है तो वह जहरीला भी ले जा सकता है। इसे गंभीरता से लेकर सुरक्षा में ऐसे आवश्यक बदलाव करने चाहिए जिसे न दर्शक दीर्घि में आने वाले दुष्प्रभावित हो और न ही आगे से इस तरह के जोखिम की संभावना रहे। सभी माननीय सांसदों को ध्यान रखना चाहिए कि देश और दुनिया में ऐसी तस्वीर न बने कि भारत अपनी संसद की सुरक्षा करने में भी सक्षम नहीं है। कुछ विपक्षी सांसद कहने लगे कि कल कोई हथियार लेकर भी अंदर आ जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि संसद की सुरक्षा में हथियार लेकर जाने की किंचित भी गुंजाइश नहीं है।

निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र के शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि होने संबंधी आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। इसके विपरीत अपने निलंबन पर गर्व महसूस करने और साथियों द्वारा महिमामंडित किए जाने का माहौल बनाया गया। विपक्ष की मांग थी की सुरक्षा चूक पर गृह मंत्री बयान दें जबकि लोकसभा अध्यक्ष ने स्वयं कहा कि संसद की सुरक्षा का दायित्व उनका है, इसलिए वे इस पर बयान देंगे। लोकसभा अध्यक्ष को बयान देने की स्थिति बनायी जानी चाहिए थी। ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर सदन में चर्चा न की जा सके। किंतु इसके लिए दोनों पक्षों को अपने रुख में लचीलापन दिखाने की आवश्यकता थी। यह विषय सरकार की आक्रामक घेरेबंदी की बजाय सभी दलों के बीच विमर्श का था कि ऐसा क्यों हुआ और आगे इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। ध्यान रखिए कि विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए लगभग अस्तित्वहीन हो गया था तथा कांग्रेस के अहंवादी व्यवहार से इसके कई घटक दलों में नाराजगी थी। भाजपा विरोध के नाम पर संसद में विपक्षी एकजुटता सबसे आसान रास्ता था और रणनीति के तहत ऐसा व्यवहार किया गया। परिणाम हमारे सामने है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

## महिमा राम नाम की



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक़्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अच्छे नेता की खूबियां थी वाजपेयी जी में**

आए हो निभाने को जब किरदार ज़मीं पर, कुछ ऐसा कर चलो कि ज़माना मिसाल दे। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर, शिंदे छावनी में हुआ था। इनकी शिक्षा ग्वालियर में हुई और इन्होंने डीएवी कॉलेज कानपुर से एमए राजनीति विज्ञान में की थी। वाजपेयी एक अच्छे राजनेता ही नहीं थे, बल्कि इनके लिए एक बार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राज्यसभा में भारतीय राजनीति का 'भीष्म पितामह' कहा था। अटल जी एक अच्छे कवि भी थे। इनकी कविताओं ने हर किसी के अंदर जोश और जज्बा भरा। **-रमेश गौतम**, भाटापारा

## करंट अफेयर

# करोड़ों डकार गए यूक्रेनी अफसर, हथियार नहीं खरीदे

यूक्रेन रक्षा मंत्रालय के उच्च पदस्थ अधिकारी को सशस्त्र समझौते से संबंधित 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यूक्रेन के सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने आरोप लगाया कि अधिकारी ने पिछले साल दिसंबर में गोला–बारूद के एक बड़े बैच की खरीद के लिए एक विशेष निर्यात कंपनी के साथ समझौता किया था। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इन अवैध गतिविधियों को साबित करने के लिए दस्तावेज भी है। दोष साबित होने पर आरोपी को 15 साल की सजा हो सकती है। यूक्रेनी मंत्रालय ने गबन किए गए रकम की वसूली के प्रयास शुरू किया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के प्रेस और सूचना विभाग के प्रमुख इलारियन पावलियुक ने बताया कि समझौते में संबंधित डिल्वरी के बिना भुगतान शामिल था। हालांकि, अब इस समझौते को खत्म करने और गबन के पैसे वापस पाने के रास्ते की तलाश की जा रही है। सितंबर में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने देश के रक्षा मंत्रालय से जुड़े कई भ्रष्टाचार घोटालों को उजागर करते हुए रक्षा मंत्री ओलेस्की रेजनिकोव को बर्खास्त किया था। मीडिया के अनुसार अमेरिका ने यूक्रेन से सरकारी भ्रष्टाचार से निपटने के पयासों में तेजी लाने का अनुरोध किया है।



## ऑफ बीट

# सांता क्लॉज़ की उत्पत्ति कहां से हुई?

सेंट निकोलस यह सब सेंट निकोलस से शुरू होता है, एक व्यक्ति जो चौथी शताब्दी में रहता था। कोई भी विश्वसनीय ऐतिहासिक स्रोत उनके जीवन के तथ्यों को साबित नहीं कर सकता है, लेकिन परंपरा के अनुसार, मायरा के सेंट निकोलस, जिन्हें बाद में बारी के सेंट निकोलस के नाम से जाना जाता था, सम्राट कॉन्सटेंटाइन द ग्रेट के शासनकाल के दौरान रहते थे। परंपरा के अनुसार, उनका जन्म एशिया माइनर में प्राचीन लाइकिया के एक शहर पटारा में हुआ था, जो अब तुर्की का हिस्सा है। निकोलस, जो बाद में मायरा के बिशप बने, अपने गहन ईसाई विश्वास और असाधारण करुणा के लिए जाने जाते थे। हालाँकि ऐतिहासिक रिकॉर्ड उनके जीवन का विस्तृत विवरण प्रदान नहीं करता है, परंपरा हमें बताती है कि उन्होंने अपनी युवावस्था में फलस्तीन और मिस्र की यात्रा की, जिससे उनकी गहरी आध्यात्मिक प्रतिबद्धता विकसित हुई। निकोलस जब छोटा था तो अनाथ हो गया था और उसके पास एक बड़ी विरासत थी। उन्होंने इस धन का उपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए करने का फैसला किया। उनकी उदारता का सबसे प्रसिद्ध कार्य तीन गरीब बहनों के लिए दहेज प्रदान करना था।



## ट्रेंड

### धरती का उपहार

कुछ साल पहले मुझे द होली पोप से मिलने का सौभाग्य मिला था। वो मेरे लिए यादगार पल था। क्रिसमस पर उपहार देने की परंपरा है। इस अवसर पर हम ये विचार करें कि कैसे हम आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर धरती का उपहार दे सकते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### गौरवशाली जीवन

अटल बिहारी वाजपेयी की याद आती है, जिन्होंने मुझे राजनीति से देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उन सिद्धांतों और समर्पण को मूर्त रूप देने का प्रयास करता हूं, जिनका अनुकरण आपने अपने गौरवशाली जीवन में किया।

-वरुण गांधी, भाजपा नेता



### कोई सम्मान नहीं चाहिए

हमें सिर्फ़ भगवान पर भरोसा है। मैंने अपना पद्मश्री सम्मान बहन-बेटियों के लिए वापस किया था, उनके सम्मान के लिए वापस किया था और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता तब तक मुझे कोई सम्मान नहीं चाहिए। जय हिंद।

-बजरंग पुनिया, पहलवान



### सबसे अच्छा तरीका

सर्दी के इस मौसम में छुट्टी पर, इसे उस व्यक्ति के लिए एक उज्ज्वल और खुशी का दिन बनाएं जो सिर्फ गर्म रहने की कोशिश कर रहा है। उसके लिए कुछ दान करें और उसे गर्म कपड़े दें। यह आपके दिल को गर्म करने का भी सबसे अच्छा तरीका है।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मंत्रिमंडल विस्तार : शिवराज सरकार के 6 मंत्रियों को जगह, 10 की छुट्टी

# मध्यप्रदेश में 28 मंत्रियों ने ली शपथ, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद समेत 18 कैबिनेट मंत्री

भाषा ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने सोमवार को राजभवन में एक समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल के 28 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व सांसद राकेश सिंह और उदय प्रताप सिंह शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि 28 मंत्रियों में से 18 कैबिनेट रैंक के हैं, छह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं और चार राज्य मंत्री हैं। विजय शाह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, करण सिंह वर्मा, राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह , संपतिया उइके, तुलसीराम सिलावट, ऐदल सिंह कंसाना, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, निर्मला भूरिया, नारायण सिंह कुशवाहा, नागर सिंह चौहान, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला, चैतन्य कश्यप और इंदर सिंह परमार ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

### राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



### पहली बार जीते 6 विधायक बने मंत्री

प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, संपतिया उइके, नरेंद्र पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह। इनमें प्रहलाद सिंह पटेल दमोह से सांसद और केंद्र में मंत्री थे। वे नरसिंहपुर सीट से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। राकेश सिंह जबलपुर से सांसद थे। वे जबलपुर पश्चिम से जीतकर विधायक बने।

**सिंधिया समर्थक 3 विधायक मंत्री बने** : केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक 3 विधायकों तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत और प्रद्युम्न सिंह तोमर को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इनके अलावा शिवराज सरकार में मंत्री रहे प्रभुराम चौधरी और बृजेन्द्र सिंह यादव को मोहन मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है।

### इन्होंने ली शपथ

- सबसे पहले कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, करण सिंह वर्मा, उदयप्रताप सिंह ने एक साथ शपथ ली।
- दूसरी बार में कुंवर विजय शाह, तुलसीराम सिलावट, एदल सिंह कंषाना, निर्मला भूरिया, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग ने शपथ ग्रहण की।
- तीसरी बार में नारायण सिंह कुशवाह, नागर सिंह चौहान, चैतन्य काश्यप, इंदर सिंह परमार, राकेश शुक्ला, प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शपथ ली।
- चौथी बार में संपतिया उइके ने अकेले शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने राज्यपाल के पैर छुए।

**6 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)** : कृष्णा गौर, धर्मेंद्र लोधी, दिलीप जायसवाल, लखन पटेल, नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल ने एक साथ शपथ ली।
**4 राज्य मंत्री** : नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, दिलीप अहिरवार

### सांसद से विधायक बनी रीति पाठक को जगह नहीं

भाजपा ने विधानसभा चुनाव में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत 7 सासंदों को चुनावी मैदान में उतारा था। इनमें से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और सांसद गणेश सिंह चुनाव हार गए। नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, राव उदय प्रताप सिंह और रीति पाठक चुनाव जीतकर विधायक बने। तोमर विधानसभा अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। वहीं प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह और राव उदय प्रताप सिंह को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। सीधी से विधायक चुन कर आईं रीति पाठक को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। इंदौर-1 से सीट से जीते कैलाश विजयवर्गीय 8 साल बाद फिर मंत्री बने हैं। वे 2003 से 2015 तक कैबिनेट मंत्री रहे। 2015 में जब उन्हें बीजेपी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया था तो उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। विजयवर्गीय 7 बार विधायक चुने जा चुके हैं।

### गत सरकार की कोई योजना बंद नहीं करेंगे : भजन लाल

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि राज्य में पिछली सरकार की कोई भी योजना बंद नहीं की जायेगी। शर्मा ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, ''कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि हमारे काम, हमारी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कोई भी योजना हम बंद नहीं करेंगे।'' शर्मा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' के अवसर पर पार्टी द्वारा आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क दवाएं आगे भी उपलब्ध करायी जाती रहेंगी तथा आवश्यक दवाओं की संख्या भी बढ़ाई जायेगी। शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने गरीब कल्याण के लिए योजनाएं बनाईं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आगे बढ़ाया।



■ राजस्थान में आयुष्मान भारत योजना में 25 लाख तक फ्री इलाज की तैयारी



### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल सदैव अटल पर जाकर उनकी 99वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, अनुराग ठाकुर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जेपी नड्डा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी 99वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को देश सुशासन दिवस के तौर पर मनाता है।

### वाजपेयी जी जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण को गति देने में जुटे रहे : प्रधानमंत्री मोदी



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर देश के सभी परिवारजनों की ओर से मेरा कोटि-कोटि नमन। वह जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण को गति देने में जुटे रहे। मां भारती के लिए उनका समर्पण और सेवा भाव अमृतकाल में भी प्रेरणास्रोत बना रहेगा।'

### बलिदानियों को सीजेआई ने किया याद

# हमारा देश सुरक्षित क्योंकि जवान सीमा पर डटे रहते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में क्रिसमस डे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने कुछ दिन पहले अपने सेना के चार सदस्यों को खो दिया है, इसलिए जब हम क्रिसमस मनाएं, तो हमें उन लोगों को नहीं भूलना चाहिए जो सीमाओं पर इस ठंड का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सुबह आराम से उठते हैं और हमारा देश सुरक्षित रहता है, क्योंकि ये जवान सीमा पर डटे रहते हैं। सीजेआई ने कहा कि हम जो भी करें, हमारी यादों में ये सैनिक होने चाहिए। उन्होंने क्रिसमस का गीत भी गाया।



### नर्स और डॉक्टर्स के काम को भी सलाम

उन्होंने कहा, 'क्रिसमस मनाते हुए हमें उन डॉक्टर और नर्स को नहीं भूलना चाहिए जो गम्भीर रुप से बीमार मरीजों का इलाज कर रहे हैं। ये लोग अपने परिवार के साथ नहीं हैं। हम खुशकिस्मत हैं कि इस मौके पर हम अपने घरवालों के साथ हैं। वकील और जजों के लिए सबसे पवित्र पुस्तक देश का संविधान है।

### आतंकी हाफिज सईद की पार्टी लड़ेगी आम चुनाव

**लाहौर।** पाक में 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद की नई पार्टी भी चुनावों में उतर गई है। हाफिज ने एक राजनीतिक फ्रंट बनाया है जो 8 फरवरी के आम चुनावों के लिए पूरे पाक में अपने प्रत्याशी उतार रहा है। इस पार्टी का चुनाव चिन्ह 'कुर्सी' है। हाफिज के बेटे तल्हा सईद लाहौर के एनए-127 से चुनाव लड़ रहे हैं।



### शादी के लिए जेंडर चेंज, युवती का इनकार तो ज़िंदा जलाया

**चेन्नई।** एक 'ट्रांससेक्शुअल' व्यक्ति ने एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने सोमवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध की पहचान वेट्रिमारन के रूप में हुई है जो एक 'ट्रांस' पुरुष है। आरोपी ने अपना नाम पंडी महेश्वरी से बदलकर वेट्रिमारन रख लिया था।



### इंडिया गठबंधन से कोई नाराजगी नहीं : नीतीश

**पटना (भाषा)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि पिछले हफ्ते दिल्ली में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने का सुझाव और उन्हें गठबंधन का संयोजक नहीं बनाए जाने के कारण उन्हें ''मायूसी'' हुई और वे इसको लेकर उन्हें ''नाराजगी'' है। भाजपा के विरोध में विपक्षी दलों को एकजुट करने की पहल करने वाले जदयू नेता ने सोमवार को कहा, ''मुझे कोई मायूसी नहीं हुई, कोई नाराज़गी नहीं हुई।'' दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान नीतीश ने दिल्ली और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों क्रमशः अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी द्वारा खरगे के नाम प्रस्तावित किए जाने के बारे में कहा, ''बैठक में मुद्दा (एक नेता के नाम का) आया। मैने शुरू में ही स्पष्ट कर दिया था कि हमारी अपनी कोई इच्छा नहीं है।



# मास्को पहुंचे विदेश मंत्री, नए अंदाज में नजर आए जयशंकर, शेयर की तस्वीरें


एजेंसी ▶▶ मास्को

भारत के विदेश मंत्री एसजयशंकर 5 दिवसीय यात्रा पर सोमवार को रूस पहुंच गए हैं। रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर एक्स पर उन्होंने अपनी तस्वीर शेयर की है। वह बिलकुल नए अंदाज में नजर आ रहे हैं। इससे पहले शायद विदेश मंत्री को आपने ऐसे लुक में कभी नहीं देखा रहा होगा। रूस पहुंचने के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि मास्को पहुंच गया हूं। आगे मेरे व्यस्ततम कार्यक्रमों की प्रतीक्षा करें। यानि इन 5 दिनों की रूस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री भारत और रूस बीच संबंधों को एक नई दिशा देने वाले हैं। जयशंकर ऐसे वक्त में रूस पहुंचे हैं। जब रूस-यूक्रेन युद्ध को 22 महीने बीत चुके हैं।



### समय की कसौटी पर खरी उतरी भारत-रूस साझेदारी

रूस में विदेश मंत्री विभिन्न द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वह आज से रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर मास्को में हैं। जयशंकर मॉस्को के साथ ही सेंट पीटर्सबर्ग जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार जयशंकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे उच्च स्तरीय संवाद के तौर पर 25 से 29 दिसंबर तक रूस की यात्रा पर रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि समय की कसौटी पर खरी उतरी भारत-रूस साझेदारी स्थिर तथा लचीली बनी हुई है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

# 'अंतिम किला' फतह करने उतरेगा भारत, 31 साल से द.अफ्रीका में नहीं जीत सका श्रृंखला

**रोहित के पास टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचने का मौका**

**मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 1.30 बजे**

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

वनडे विश्व कप के फाइनल में 36 दिन पहले मिली हार की निराशा को भुलाकर भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने के अपने 31 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला मंगलवार से शुरू होगी।

यह 1992 से लेकर अब तक भारत की दक्षिण अफ्रीका में नौवीं टेस्ट श्रृंखला होगी, लेकिन अभी तक वह इस देश में एक भी श्रृंखला नहीं जीत पाया। यही वजह है कि हमेशा की तरह वर्तमान श्रृंखला को भी रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए 'अंतिम किला' कहा जा रहा है। लेकिन सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले मैच के पहले दो दिन भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

### इनको मिली नाकामी

वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा के पास कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी करने का मौका था लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के कारण वह विश्व विजेता कप्तान नहीं बन पाए। अब उनके पास दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का मौका है और वह इसे हाथ से नहीं जाने देंगे। दक्षिण अफ्रीका में मोहम्मद अज़हरुद्दीन (1992), सचिन तेंदुलकर (1996) और सौरव गांगुली (2001) की कप्तानी में भारत को नाकामी हाथ लगी। राहुल द्रविड़ (2006-07), धोनी (2010-11 और 2013-14) और विराट कोहली (2018-19 और 2021-22) ने टेस्ट मैच जीते लेकिन कोई भी टीम श्रृंखला नहीं जीत पाई।



### भारत के युवाओं की कड़ी परीक्षा

तेंबा बावुमा की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो भारत के युवा बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की असली परीक्षा कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और गेराल्ड कोएत्ज़ी जैसे गेंदबाजों के सामने होगी। इसी तरह से उपमहाद्वीप की पिचों पर खुद को साबित करने वाले शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों को अधिक चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शॉर्ट पिच गेंद अय्यर की कमजोरी मानी जाती रही हैं और उन्हें इससे पार पाने के लिए कुछ खास करना होगा।"



**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट)।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी ज़ोरज़ी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन, ट्रिस्टन स्टब्स, नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्ज़ी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

## खबर संक्षेप



### भारतीय टीम में जगह बनाने पर नजर

**नई दिल्ली।** युवा फारवर्ड ज्योति छेत्री के लिए हाल का स्पेन दौरा अनुभव हासिल करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा और अब उनकी नजर अगले साल रांची में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाने पर है। उन्नीस वर्षीय ज्योति वेलेंसिया में खेले गए पांच देशों के टूर्नामेंट में भारतीय टीम का हिस्सा थी। इससे पहले वह जूनियर टीम का अहम हिस्सा रह चुकी है। इस साल महिला जूनियर एशिया कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# भारतीय महिला वनडे टीम के नए चेहरे ऑस्ट्रेलिया को देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए सोमवार को पहली बार भारतीय महिला एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय



क्रिकेट मैच खेलेगी। पहला वनडे मैच 28 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। बाएं हाथ की स्पिनर कश्यप को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में लिया गया था लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। श्रेयंका ने इस महीने के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सैका इशाक ने पहले महिला प्रीमियर लीग में मुंबई की टीम की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था।

# जैसमीन और मनीषा सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन और जैसमीन लम्बोरिया ने सोमवार को यहां महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेना का प्रतिनिधित्व कर रही राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन ने क्वार्टरफाइनल में महाराष्ट्र की पूनम कैथवास को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के बाद पराजित किया। वह सेफा में हिमाचल प्रदेश की मेनका देवी के सामने होंगी जिन्होंने तमिलनाडु की पीएस गिरजा को 4-1 के विभाजित फैसले में मात दी। 2022 विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली हरियाणा की मनीषा ने मिजोरम की टीसी लालरेमरूयाती पर 5-0 से जीत दर्ज



की। अब उनका सामना 2018 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता पंजाब की सिमरनजीत कौर से होगा। 60 किग्रा और 66 किग्रा वजन के दो ही वर्ग बचे हैं जिसमें भारतीय मुक्केबाजों को पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करना है।







# राष्ट्रीय खिताब अच्छा प्रदर्शन करने के लिए करेगा प्रेरित

**नई दिल्ली।** अपने प्रतिभाशाली छोटे भाई लक्ष्य सेन के साए में जीने के बाद चिराग सेन आखिर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीतने में सफल रहे और उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर



पर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। लक्ष्य सेन कभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप नहीं जीत पाए लेकिन उनके बड़े भाई चिराग ने रविवार को फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त एम थारुन को 21-14 13-21 21-9 से हराकर गुवाहाटी में राष्ट्रीय खिताब जीता।

# पंड्या फिट, सूर्यकुमार को ग्रेड 2 टियर इंजरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में भारत का कप्तान कौन होगा ये बड़ा सवाल है। दरअसल, हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स सामने



आई थी जिसमें दावा किया गया था कि हार्दिक पांड्या वर्ल्ड कप 2023 के दौरान लगी चोट के चलते अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के अलावा आगामी आईपीएल 2024 से भी बाहर हो सकते हैं। वहीं पिछली दो सीरीज में कप्तानी करने वाले सूर्यकुमार यादव भी अफ्रीका दौरे पर चोटिल हो गए हैं। ऐसे में अब खबर है कि रोहित शर्मा को अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए कप्तानी के लिए पूछा जा सकता है।




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** HARYANA: AMBALA CANTT: Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; AMBALA CITY: S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; NARAINGARH: SD Honda - 8708886452; BARARA: Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; SAHA: Milan Honda - 08222000203, JAGADHARI: Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; BILASPUR: Bakshi Honda - 9934390054; BALLABGARH: Kabir Honda - 9312655454; GAUNCHI: Kabir Honda - 9599396896; BHIWANI: MRM Honda - 9992888908, 9992888910; CHARKHI DADRI: MRM Honda - 9992888914, 9992888908; BAWANI KHERA: ASR Honda - 7056710107; BADHRA: SS Honda - 9991940444; TOHANA: Bharat Honda - 9728435800; FARIDABAD: Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; GREATER FARIDABAD: Pick up Honda - 9873820000; FATEHABAD: Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; RATIA: Avni Honda - 9466410724, 8168871488; GURUGRAM: Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; BADSHAHPUR GURUGRAM: 9773548811; KHANDSA ROAD GURUGRAM: Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; PALAM VIHAR GURUGRAM: Ganpati Honda - 9910894234; GURUGRAM RAILWAY ROAD: Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; SEC- 52 GURUGRAM: Yume Honda - 8130364222, 9266668820; MANESAR: Ganpati Honda - 9910894239; PATAUDI: Yume Honda - 8222840011; SOHNA: Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; HISSAR: Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; HANSI: Malik Autos Honda - 8572888818; BARWALA: Malik Autos Honda - 8572888814; ADAMPUR: Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; JHAJJAR: Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; BAHADURGARH: Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; JIND: S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; NARWANA: Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; KAITHAL: Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; CHEEKA: Kaithal Honda - 9813974232; PUNDRI: Lakhan Pal Honda - 9416847289; KARNAL: Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; ASSANDH: Raman Honda (Assandh) - 9896678058; GHARAUNDHA: Esskay Honda - 9812136979; NISSING: Royal Honda - 8930929000; INDRI: Kalra Honda - 9996909466; KURUKSHETRA: Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; LADWA: Deepak Honda - 9812077382; PEHOWA: Chirag Honda - 9812666668; SHAHBAD: Basant Honda - 9416155053; MAHENDERGARH: White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; NARNAUL: BRS Honda - 8607862777,9050109779; ATELI: Shiva Honda - 8053782800; KANINA: Suraj Honda - 9466082883; PALWAL: Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; HODAL: Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; PANIPAT: L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; MADLOUDA: Puneet Honda - 8813050100; MODEL TOWN (Panipat): L.K. Honda - 8059900603; SAMALKHA: L.K. Honda - 8059900602; PANCHKULA: Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; BARWALA PANCHKULA: Aviate Honda - 8199994719; PINJORE: Sukhija Honda - 8950222250; REWARI: Shree Honda - 9215059220; BAWAL: Avtar Honda - 9729130036; DHARUHERA: Shree Honda - 8689065800; KOSLI: Dev Honda - 9996772999; ROHTAK: Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; KALANAUR: Kamakshi Honda - 9034655187; SAMPLA: Rama Honda - 8684840808, 8684840505; MAHAM: RS Honda - 9218092190; SIRSA: Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; ELLENABAD: R S Honda - 9053442078, 9729542078; DABWALI: Decent Honda - 9996688044, 9215720991; SONEPAT: Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT): Triumph Honda - 9254015901; GANNAUR: Triumph Honda - 9254015908; GOHANA: Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; KHARKHODA: Ashirwad Honda - 9017190979; KUNDLI: Triumph Honda - 9254015904; BAHALGARH: Triumph Honda - 9034015921; YAMUNANAGAR: Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; ITI CHOWK: Sai Honda - 9215593704; RADAUR: Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; SADHOURA: Shree Ganpati Honda - 8901286307; CHANDIGARH: Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; PANCHKULA: Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; BARWALA: Aviate Honda - 8199994719; DERABASSI: Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; MANIMAZRA: Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; PINJORE: Sukhija Honda - 8950222250; ZIRAKPUR: Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; MOHALI: Batra Honda - 7087215231, 7087215237; BULLOWAL: Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**